# Daily Current Affairs

Date : 19 August, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका

| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | मिस यूनिवर्स इंडिया 2025 : मनिका विश्वकर्मा |
| 2. | स्वतंत्रता दिवस पर राजस्थान के 4 सीमावर्ती गाँवों के सरपंचों को निमंत्रण |
| 3. | सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान के तहत् पीयर रिव्यू |
| 4. | राजस्थान को LHDCP के तहत् ₹411.03 लाख की राशि प्राप्त |
| 5. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. एलीफेंट फैशन शो : हाथी गाँव (जयपुर)<br>2. दिव्यांश M भारद्वाज (आवां सरपंच)<br>3. ‘मधुरम’ कार्यक्रम<br>4. श्री सिय पिय मिलन समारोह<br>5. जैविक (ऑर्गेनिक) खाद्यान्न का राज्य का पहला बाजार<br>6. रॉयल राजस्थान फाउंडेशन की ‘पिंक प्रोमिस पहल’<br>7. झालाना की मादा लेपर्ड : जलेबी |
| 6. | विदेशी पर्यटकों के आगमन में वृद्धि |
| 7. | प्रधानमंत्री विकासशील भारत रोजगार योजना |
| 8. | पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत नए नियम |
| 9. | जीओआईस्टैट्स मोबाइल एप्लिकेशन |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 10. | भाविना पटेल |
| 11. | तान्या हेमंत |
| 12. | 12वें पुरुष एशिया कप हॉकी के लोगो, शुभंकर और ट्रॉफी का अनावरण |
| 13. | कार्लोस अल्काराज़ : पहला सिनसिनाटी ओपन खिताब |
| 14. | गिरीश गुप्ता और कपिल बैंसला |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## मिस यूनिवर्स इंडिया 2025 : मनिका विश्वकर्मा

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **मूल रूप से श्री गंगानगर की निवासी (वर्तमान में दिल्ली) मनिका विश्वकर्मा ने 'मिस यूनिवर्स इंडिया 2025' का खिताब जीता।**




➲ **मुख्य बिन्दु :**

- **प्रतियोगिता का आयोजन : सीतापुरा, जयपुर।**
- **मनिका मिस यूनिवर्स राजस्थान, 2024 का खिताब भी जीत चुकी है।**
- **मनिका विश्वकर्मा 21 नवंबर, 2025 को थाईलैंड में होने वाली 74वीं मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।**
- **मनिका को मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 रिया सिंघा द्वारा ताज पहनाया गया।**
- **उत्तर प्रदेश की तान्या शर्मा (फर्स्ट रनर-अप), हरियाणा की महक धींगड़ा (सेकंड रनर-अप) और अमिशी कौशिक (थर्ड रनर-अप) रही।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# स्वतंत्रता दिवस पर राजस्थान के 4 सीमावर्ती गाँवों के सरपंचों को निमंत्रण



## चर्चा में क्यों?

- केंद्र सरकार द्वारा राजस्थान के सीमावर्ती जिलों से 4 सरपंचों को स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया।

## मुख्य बिन्दु :

- इन सरपंचों को 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम 2.0' के तहत् आमंत्रित किया गया है। इनमें शामिल हैं:
  - भरत राम – नवातला बाखासर (बाड़मेर)
  - गीता कंवर – म्याजलार (जैसलमेर)
  - शकुंतला देवी – कंवरपुरा (श्री गंगानगर)
  - सजना देवी – खाजूवाला (बीकानेर)

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

- बाड़मेर के प्रगतिशील किसान दंपति देवाराम पंवार और उनकी पत्नी धापू देवी को भी लाल किले पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया।
- वे सीमावर्ती क्षेत्र में गुग्गुल (कॉमीफोरा वाइटी) की खेती करने वाले एकमात्र किसान हैं। गुग्गुल एक औषधीय पौधा है, जिसका उपयोग आयुर्वेदिक दवाओं में किया जाता है। इसके अलावा, वे राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत् राज्य के पहले लाभार्थी भी हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

### वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम (VVP) – 2.0

- 4 अप्रैल, 2025 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शत-प्रतिशत केंद्र द्वारा वित्त पोषित योजना के रूप में 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम (VVP) – 2.0' को स्वीकृति प्रदान की।
- **अवधि :** वर्ष 2024-2029

| प्रोग्राम का नाम | वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम | वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम – 2.0 |
|---|---|---|
| लॉन्च | 2023 | 2025 |
| राज्य | अरुणाचल प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, उत्तराखंड और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख। | अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, गुजरात, जम्मू और कश्मीर (UT), लद्दाख (UT), मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, त्रिपुरा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के चुनिंदा गाँवों में। |
| वित्त पोषण | शत-प्रतिशत केंद्र सरकार द्वारा। | शत-प्रतिशत केंद्र सरकार द्वारा। |
| उद्देश्य | सीमावर्ती गाँवों में जीवन स्तर में सुधार और आजीविका के अवसर सृजित करना।<br>स्थानीय आबादी को सीमा बलों के समर्थन के रूप में शामिल करके सीमा सुरक्षा को सुदृढ़ करना।<br>सीमा पार अपराध को नियंत्रित करना और सीमावर्ती समुदायों को देश के बाकी हिस्सों के साथ एकीकृत करना। | सीमावर्ती गाँवों में जीवन स्तर में सुधार और आजीविका के अवसर सृजित करना।<br>स्थानीय आबादी को सीमा बलों के समर्थन के रूप में शामिल करके सीमा सुरक्षा को सुदृढ़ करना।<br>सीमा पार अपराध को नियंत्रित करना और सीमावर्ती समुदायों को देश के बाकी हिस्सों के साथ एकीकृत करना। |
| संबंध मंत्रालय | गृह मंत्रालय। | गृह मंत्रालय। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान के तहत् पीयर रिव्यू

## ➲ चर्चा में क्यों?

- केरल राज्य की एक टीम द्वारा राजस्थान के 6 जिलों में 'सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान' के प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्रगति मूल्यांकन के लिए 'पीयर रिव्यू' आयोजित किया जा रहा है।




## ➲ मुख्य बिन्दु :

- **6 जिले :** जयपुर, उदयपुर, अलवर, चूरू, बूंदी एवं झुंझुनू।
- **अवधि :** 18 से 24 अगस्त, 2025 तक।
- यह पीयर रिव्यू महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के निर्देशों के अनुरूप आयोजित किया जा रहा है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- प्रधानमंत्री द्वारा 26 दिसम्बर, 2024 (वीर बाल दिवस) को जनभागीदारी के माध्यम से कुपोषण के पूर्ण उन्मूलन के लिए 'सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान' का शुभारंभ किया गया।
- इस कार्यक्रम का उद्देश्य पोषण संबंधी सेवाओं के कार्यान्वयन को मजबूत करके और सक्रिय सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करके ग्राम स्तर पर पोषण स्तर को बढ़ाना है।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

**समेकित बाल विकास सेवाएँ (ICDS):**

- **कार्यक्रम की शुरुआत :** 2 अक्टूबर, 1975

**उद्देश्य :**

- 0 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य स्थिति में सुधार करना।
- बच्चों के मनोवैज्ञानिक, शारीरिक और सामाजिक विकास के लिए आधार तैयार करना।
- मृत्यु दर, बीमारियों, कुपोषण और स्कूल ड्रॉपआउट की दर को घटाना।
- इस कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्तमान में राजस्थान में 363 बाल विकास परियोजनाएँ संचालित हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान को LHDCP के तहत ₹411.03 लाख की राशि प्राप्त

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, केंद्र सरकार की केंद्रीय प्रवर्तित योजना 'राष्ट्रीय पशुधन मिशन' के तहत् राजस्थान सरकार के पशुपालन विभाग को लाइवस्टॉक हेल्थ डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम (LHDCP) के तहत् ₹411.03 लाख रुपए की राशि प्राप्त हुई।

## मुख्य बिन्दु :

- लाइवस्टॉक हेल्थ डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम (LHDCP) के तहत् राजस्थान में खुरपका-मुंहपका रोग, बुरसेला रोग, PPR (पेस्ट डेस पेटिट्स) रोग और क्लासिकल स्वाइन फीवर रोग के लिए इस राशि का उपयोग किया जाएगा।
- साथ ही, केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत् उद्यमिता विकास कार्यक्रम (NLM-EDP) के तहत् राजस्थान के लिए 4 करोड़ 8 लाख 20 हजार 500 रुपये की अनुदान राशि भी रिलीज की गई।
- **राजस्थान के पशुपालन मंत्री :** जोराराम कुमावत।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

- हाल ही में, केंद्र सरकार ने 'राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार' के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं, जिसके लिए देशभर में गो वंश की 53 और भैंसों की 20 नस्लों को शामिल किया गया है।
- गोवंश की पंजीकृत 53 नस्लों में से 9 नस्ल राजस्थान में पाई जाती हैं, जिसमें शामिल है – थारपारकर, राठी, नागौरी, मेवाती, कांकरेज, हरियाणा, साहिवाल, नारी और सांचौरी। भैंसों की पंजीकृत नस्लों में राजस्थान की एक भी नहीं है।
- 'राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार' पशुधन और डेयरी क्षेत्र में दिया जाने वाला एक प्रतिष्ठित सम्मान है। यह पुरस्कार, राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार, राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत्, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय द्वारा दिया जाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **एलीफेंट फैशन शो : हाथी गाँव (जयपुर)**<br>♦ 12 अगस्त, 2025 (विश्व हाथी दिवस) के अवसर पर आमेर (जयपुर) में स्थित हाथी गाँव में 'एलीफेंट फैशन शो' का आयोजन किया गया। |
| 2. | **दिव्यांश M भारद्वाज (आवां सरपंच)**<br>♦ मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने टोंक जिले की आवां ग्राम पंचायत के सरपंच दिव्यांश M भारद्वाज को मेहरानगढ़ किले में राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान राजस्थान में सर्वश्रेष्ठ सरपंच के खिताब से सम्मानित किया।<br>♦ दिव्यांश 41 जिलों की 11,341 ग्राम पंचायतों में से एकमात्र पुरस्कार विजेता है। |
| 3. | **'मधुरम' कार्यक्रम**<br>♦ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में जयपुर स्थित जवाहर कला केन्द्र में 'मधुरम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।<br>♦ कार्यक्रम का आयोजन : 18 से 20 अगस्त, 2025 |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| **4.** | **श्री सिय पिय मिलन समारोह**<br>♦ 12 से 18 अगस्त, 2025 तक सीकर के श्री जानकीनाथ बड़ा मंदिर (रैवासा धाम) में श्री सिय पिय मिलन समारोह का आयोजन किया गया।<br>♦ इस आयोजन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने स्वामी राघवाचार्य की संगमरमर की प्रतिमा का अनावरण और नव निर्मित गुरुकुल भवन का लोकार्पण किया। |
| **5.** | **जैविक (ऑर्गेनिक) खाद्यान्न का राज्य का पहला बाजार**<br>♦ राजस्थान सरकार द्वारा जयपुर के दुर्गापुरा राज्य कृषि प्रबंध संस्थान में प्रदेश का पहला ऑर्गेनिक बाजार खोला जाएगा।<br>♦ इस बाजार में सरकार द्वारा आमजन को ऑर्गेनिक गेहूँ, दालें, फल-सब्जी, दूध-दही-घी, तेल एवं मसाले सहित मोटे अनाज उपलब्ध कराए जाएंगे। |
| **6.** | **रॉयल राजस्थान फाउंडेशन की 'पिंक प्रोमिस पहल'**<br>♦ इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) की टीम राजस्थान रॉयल्स के रॉयल राजस्थान फाउंडेशन (RRF) ने पिंक प्रोमिस पहल के तहत् राजस्थान में 200 ग्रामीणों घरों और असम में 60 घरों को सौर विद्युतीकरण कर रोशन किया।<br>♦ राजस्थान रॉयल्स टीम ने IPL मैच के दौरान प्रत्येक सिक्सर पर छह घरों का विद्युतीकरण करने का वादा किया था। |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**7.**

## झालाना की मादा लेपर्ड : जलेबी

- **जयपुर स्थित झालाना जैविक उद्यान की दूसरी सबसे उम्रदराज मादा लेपर्ड 'जलेबी' का हाल ही में निधन हो गया।**
- **13 वर्षीय जलेबी मादा लेपर्ड फ्लोरा की संतान थी। उसके शरीर पर जलेबी जैसी आकृति के निशान थे, इसी कारण उसे यह नाम मिला था।**




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## विदेशी पर्यटकों के आगमन में वृद्धि

### चर्चा में क्यों?

- 18 अगस्त, 2025 को प्रोफेसर सौगत राय द्वारा विदेशी पर्यटकों के आगमन में वृद्धि के संबंध में लोकसभा में जानकारी साझा की गई।




### मुख्य बिन्दु :

| | | |
|---|---|---|
| अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक आगमन(लाख में) | वर्ष 2023 | 188.99 |
| | वर्ष 2024 | 205.69 |
| भारत में पर्यटन से प्राप्त शुल्क (करोड़ रुपये में) | वर्ष 2023 | 2,66,045 |
| | वर्ष 2024 | 2,93,033 |
| सकल घरेलू उत्पाद में कुल हिस्सेदारी (प्रतिशत में) | 2022-23 | 5.09 |
| | 2023-24 | 5.22 |
| पर्यटन नौकरियों की कुल संख्या (मिलियन में) | 2022-23 | 76.17 |
| | 2023-24 | 84.63 |

- **शीर्ष 5 स्रोत देशों से विदेशी पर्यटक आगमन :**
  अमेरिका > बांग्लादेश > ब्रिटेन > ऑस्ट्रेलिया > कनाडा


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **प्रधानमंत्री द्वारा अपने 12वें स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में घोषित प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत् पंजीकरण की सुविधा प्रदान करने हेतु प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना पोर्टल शुरू किया गया।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ **मुख्य बिन्दु :**

- **केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा मंजूरी :** 1 जुलाई, 2025
- **योजना परिव्यय :** ₹1 लाख करोड़।
- **रोजगार सृजन :** 3.5 करोड़ से अधिक।
- **उद्देश्य :** विनिर्माण क्षेत्र पर विशेष ध्यान देते हुए, क्षेत्रों में रोजगार सृजन, रोजगार क्षमता में वृद्धि और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा देना।
- **लक्ष्य :** दो वर्षों की अवधि में देश में 3.5 करोड़ से अधिक रोजगार के सृजन को प्रोत्साहित करना।
- **कार्यान्वयन :** प्रधानमंत्री विकसित भारत रोज़गार योजना का कार्यान्वयन श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय द्वारा कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) के माध्यम से किया जाएगा, जो कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 के अंतर्गत एक वैधानिक निकाय है।
- **योजना का लाभ :** यह योजना नए रोज़गार के अवसर पैदा करने के लिए नव-नियोजित युवाओं को दो किस्तों में ₹15,000 तक और नियोक्ताओं को प्रति नए कर्मचारी ₹3000 प्रति माह तक की प्रोत्साहन राशि प्रदान करेगी।

| कर्मचारी | नियोक्ता |
|---|---|
| सामाजिक सुरक्षा कवरेज के विस्तार के माध्यम से नौकरी का औपचारीकरण | अतिरिक्त रोज़गार सृजन की लागत की भरपाई |
| नौकरी पर प्रशिक्षण, जिससे नए लोगों को रोज़गार योग्य बनाया जा सके | कार्यबल की स्थिरता और उत्पादकता में वृद्धि |
| निरंतर रोज़गार के माध्यम से बेहतर रोज़गार क्षमता | सामाजिक सुरक्षा कवरेज को प्रोत्साहित करना |
| वित्तीय साक्षरता कौशल | अतिरिक्त रोज़गार सृजन की लागत की भरपाई |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **लाभ की सीमाएँ :** इस योजना का लाभ 1 अगस्त, 2025 और 31 जुलाई, 2027 के बीच सृजित नौकरियों पर लागू होगा।
- योजना के भाग A के अंतर्गत पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों को सभी भुगतान आधार ब्रिज भुगतान प्रणाली (ABPS) का उपयोग करके प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (DBT) मोड के माध्यम से किए जाएँगे। भाग B के अंतर्गत नियोक्ताओं को भुगतान सीधे उनके पैन-लिंक्ड खातों में किया जाएगा।
- **प्रधानमंत्री विकसित भारत रोज़गार योजना पोर्टल का शुभारम्भ :** नियोक्ता प्रधानमंत्री विकसित भारत रोज़गार योजना पोर्टल पर पंजीकरण प्रक्रिया कर सकते हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

### पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत नए नियम

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **18 अगस्त, 2025 को केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के राज्य मंत्री ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में लोकसभा में पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत नए नियम के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की।**



➲ **मुख्य बिन्दु :**

**पर्यावरण संरक्षण (दूषित स्थलों का प्रबंधन) नियम, 2025 :**

- **अधिसूचित : 24 जुलाई, 2025**
- **कारण : पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने देश में दूषित स्थलों की पहचान और प्रबंधन हेतु।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**नियम :**

- **संदूषित स्थल को संदूषकों से प्रभावित क्षेत्र अथवा स्थल के रूप में परिभाषित किया गया है।**
- **राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (SPCB)/प्रदूषण नियंत्रण समिति (PCC) द्वारा संदूषक को संदूषित स्थल के रूप में घोषित किया गया है, यदि संदूषक विस्तृत स्थल मूल्यांकन पूरा करने के बाद निर्धारित प्रारंभिक स्तरों से अधिक पाया जाता है।**
- **स्थानीय निकाय या जिला प्रशासन को स्वयं या जनता से शिकायत प्राप्त होने पर, नियमों में निर्धारित जानकारी को ध्यान में रखते हुए संदूषकों से प्रभावित क्षेत्र की पहचान करने और केंद्रीकृत ऑनलाइन पोर्टल पर अपने अधिकार क्षेत्र में संदिग्ध दूषित स्थलों के रूप में ऐसे सभी क्षेत्रों की सूची बनाने का आदेश दिया गया है।**
- **SPCB / PCC को केन्द्रीकृत ऑनलाइन पोर्टल पर संदूषित स्थलों की सूची प्रकाशित करने का अधिदेश दिया गया है जिसमें ऐसे प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर प्रभावित होने की संभावना वाले हितधारकों से टिप्पणियां और सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे।**
- **SPCB ने पूरे देश में 103 संदूषित स्थलों की पहचान की है, जिनमें से 07 स्थलों पर उपचारी कार्यकलाप शुरू किए गए :**
  - **ओडिशा के गंजम में पारा दूषित स्थल**
  - **उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात के रनिया में क्रोमियम दूषित स्थल**
  - **विभिन्न उद्योगों द्वारा अशोधित औद्योगिक बहिस्त्रावों के कारण लोहिया नगर और औद्योगिक क्षेत्र, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में भूजल संदूषण**
  - **टोंडेयरपेट, चेन्नई, तमिलनाडु में BPCL तेल दूषित स्थल**
  - **मेसर्स गोदावरी बायो-रिफाइनरीज, अहमदनगर, महाराष्ट्र के परिसर में और उसके आसपास भूजल संदूषण**
  - **एफ्लुएंट चैनल प्रोजेक्ट (ECP), वडोदरा, गुजरात में भूजल संदूषण**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु:

### पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (EPA) :

- **अधिनियमित :** जून, 1972 (स्टॉकहोम सम्मेलन) में स्टॉकहोम में आयोजित "मानव पर्यावरण पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन" के तहत् वर्ष1972 में अधिनियमित किया गया।
- **संवैधानिक प्रावधान :** EPA को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 253 के तहत् अधिनियमित किया गया था, जो अंतर्राष्ट्रीय समझौतों को प्रभावी करने के लिये कानून बनाने का प्रावधान करता है।

### पर्यावरण सम्बन्धी अन्य महत्त्वपूर्ण अनुच्छेद :

- **अनुच्छेद 48A :** राज्य पर्यावरण की रक्षा और सुधार करने तथा देश के वनों एवं वन्यजीवों की रक्षा करने का प्रयास करेगा।
- **अनुच्छेद 51A :** मूल कर्त्तव्य

### केंद्र की शक्तियाँ :

- पर्यावरण प्रदूषण की रोकथाम, नियंत्रण और उपशमन के लिये एक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम की योजना बनाना और उसे क्रियान्वित करने का अधिकार।
- विभिन्न स्रोतों से पर्यावरण प्रदूषकों के उत्सर्जन या निर्वहन जैसे विभिन्न पहलुओं में पर्यावरण की गुणवत्ता के लिये मानक निर्धारित करने का अधिकार।
- **EPA के तहत् दंड :** उल्लंघनकर्त्ता को 5 वर्ष तक की कैद या 1,00,000 रुपए तक के ज़ुर्माने या दोनों से दंडित किया जा सकता है।
- इस तरह के उल्लंघन को जारी रखने के मामले में प्रतिदिन के लिये 5,000 रुपए तक का अतिरिक्त ज़ुर्माना लगाया जा सकता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### भारत निम्नलिखित अंतरराष्ट्रीय कानूनों पर हस्ताक्षरकर्त्ता हैं-

- **स्थायी कार्बनिक प्रदूषकों (POP) पर स्टॉकहोम कन्वेंशन**
- **मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल, 1987 : ओज़ोन परत को नष्ट करने वाले पदार्थों पर वियना कन्वेंशन के लिए।**
- **खतरनाक अपशिष्टों के सीमा पार संचलन पर बेसल कन्वेंशन, 1989**
- **संयुक्त राष्ट्र मरुस्थलीकरण रोकथाम अभिसमय**
- **रॉटरडैम कन्वेंशन, 1998**
- **जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC), 1992**
- **जैवविविधता पर कन्वेंशन, 1992**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

## जीओआईस्टैट्स मोबाइल एप्लिकेशन

### चर्चा में क्यों?

- 18 अगस्त, 2025 सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) द्वारा राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में जीओआईस्टैट्स मोबाइल एप्लिकेशन के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गई।




### मुख्य बिन्दु :

- **शुरुआत :** 29 जून, 2025
- **उद्देश्य :** सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के नवीनतम आँकड़ों की प्रदान करना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **डोमेन और संकेतक :** वर्तमान में पोर्टल में छह डोमेन और नौ संकेतक शामिल हैं।
- **मंत्रालय :** सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय।
- चयनित सामाजिक-आर्थिक संकेतकों जैसे राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक, आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक, उद्योगों का वार्षिक सर्वेक्षण और असंगठित क्षेत्र उद्यमों का वार्षिक सर्वेक्षण के आंकड़े इस ऐप पर उपलब्ध कराए जाते हैं।
- यह एप्लिकेशन डेटा पृथक्करण की सुविधाओं के माध्यम से सहायता करता है। वर्तमान में, ऐप में डेटा सीमित रूप से उपलब्ध है, क्योंकि ऐप का उद्देश्य उपयोगकर्ता को जानकारी आधारित डेटा प्रदान करना है।

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# व्यक्तित्व

## भाविना पटेल

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **18 अगस्त, 2025 अहमदाबाद में कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC) के क्षेत्रीय कार्यालय में सहायक निदेशक भाविना पटेल ने अमेरिका में वाशिंगटन के स्पोकेन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय पैरा टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2025 में ITTF वर्ल्ड पैरा एलीट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ **मुख्य बिन्दु :**

- **दो पदकों की जीत ने भाविना को टेबल टेनिस की महिला एकल श्रेणी के व्हीलचेयर (क्लास 1 से 5) में ITTF विश्व पैरा रैंकिंग में नंबर वन पर पहुंचा दिया।**

- **आयोजन : 9 से 13 अगस्त, 2025 तक।**

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु:**

- **6 से 8 अगस्त, 2025 तक स्पोकेन में ही आयोजित ITTF वर्ल्ड पैरा फ्यूचर इवेंट में के इसी वर्ग में रजत पदक जीता था।**

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## खेल परिदृश्य

## तान्या हेमंत

### चर्चा में क्यों?




- 17 अगस्त, 2025 को बैडमिंटन में, भारतीय शटलर तान्या हेमंत ने उत्तरी मारियाना द्वीप समूह में साइपन इंटरनेशनल, 2025 में महिला एकल का ख़िताब जीत लिया।

### मुख्य बिन्दु :

- विश्व रैंकिंग में 86वीं वरीयता प्राप्त इस शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने बैडमिंटन विश्व महासंघ के नए 3×15 स्कोरिंग प्रारूप के तहत् फ़ाइनल में जापान की कानाए सकाई को हराया।
- तान्या ने सेमीफाइनल में जापान की रिरीना हिरामोटो को, क्वार्टर फाइनल में सिंगापुर की ली शिन यी मेगन को तथा राउंड ऑफ 16 में जापान की नोडोका सुनाकावा को हराया।
- यह तान्या का वर्ष 2025 का पहला और उनके करियर का चौथा इंटरनेशनल चैलेंज खिताब है, इससे पहले उन्होंने इंडिया इंटरनेशनल (वर्ष2022), ईरान फज्र इंटरनेशनल (वर्ष 2023) और बेंडिगो इंटरनेशनल (वर्ष2024) में जीत हासिल की थी। वह वर्ष2024 अज़रबैजान इंटरनेशनल में भी उपविजेता रही थीं।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## 12वें पुरुष एशिया कप हॉकी के लोगो, शुभंकर और ट्रॉफी का अनावरण

### ➲ चर्चा में क्यों?

■ 18 अगस्त, 2025 को बिहार सरकार द्वारा पटना में 12वीं पुरुष एशिया कप हॉकी चैम्पियनशिप के लोगो, शुभंकर और ट्रॉफी का अनावरण किया गया।




### ➲ मुख्य बिन्दु :

■ **मेजबानी :** बिहार पहली बार इस टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है।

■ **आयोजन :** 29 अगस्त से 7 सितंबर, 2025 तक राजगीर अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में किया जाएगा।

■ **ट्रॉफी :** प्राइड जर्नी ।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **शुभंकर :** शुभंकर जिसका नाम "चाँद" है, राष्ट्रीय पशु बाघ से प्रेरित है। यह भारत के राष्ट्रीय पशु बाघ के साहस, चपलता और कौशल का प्रतीक है।
- **प्रेरित :** चांदनी रातों में अभ्यास कर्त्ता हॉकी खिलाडी मेजर ध्यानचंद और वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के राजसी बाघ प्रेरित हैं जो शक्ति, चपलता और आत्मविश्वास का प्रतीक है।
- शुभंकर में लाल टोपी शक्ति और उत्साह का प्रतिनिधित्व करती है, जबकि जादूगर की टोपी मेजर ध्यानचंद की असाधारण प्रतिभा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती है।
- एशिया कप, 2025 में भारत, चीन, जापान, चीनी ताइपे, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, ओमान और बांग्लादेश की टीमें भाग लेंगी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## कार्लोस अल्काराज़ : पहला सिनसिनाटी ओपन खिताब



**➲ चर्चा में क्यों?**

- **18 अगस्त, 2025 को टेनिस में, विश्व नंबर 2 कार्लोस अल्काराज़ ने ओहायो में अपना पहला सिनसिनाटी ओपन खिताब जीता।**

**➲ मुख्य बिन्दु :**

- **हराया : गत चैंपियन और विश्व नंबर 1 जैनिक सिनर को हराकर यह ख़िताब जीता।**
- **अल्काराज़ सिनसिनाटी खिताब जीतने वाले तीसरे स्पेनिश खिलाड़ी बन गए हैं।**
- **यह उनका 22वां खिताब है और मास्टर्स 1000 स्तर पर उनके अपराजित अभियान को 17 मैचों तक बढ़ा देता है।**

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु:**

- **22 वर्षीय खिलाड़ी ने इस सीज़न में ATP टूर में छह खिताब जीते हैं, जिनमें चार बड़े खिताब उनकी पहली विंबलडन ट्रॉफी भी शामिल है।**
- **वर्ष 2025 में मोंटे-कार्लो, रोम और सिनसिनाटी में तीन मास्टर्स 1000 खिताब जीते हैं, साथ ही रोलैंड गैरोस में एक बड़ी ट्रॉफी भी जीती है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## गिरीश गुप्ता और कपिल बैंसला

### ➲ चर्चा में क्यों?

- **भारत के गिरीश गुप्ता ने कज़ाकिस्तान के श्यामकेंट में चल रही 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप की 10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष युवा स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।**



### ➲ मुख्य बिन्दु :

- **आयोजन : 18 से 29 अगस्त, 2025 तक कजाकिस्तान के श्यामकेंट में आयोजित की जा रही हैं।**

- **17 वर्षीय इस निशानेबाज ने फाइनल में 241.3 अंक हासिल किए और हमवतन देव प्रताप को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 14 साल की उम्र में 238.6 अंक हासिल कर रजत पदक जीता।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### कपिल बैंसला :

- हरियाणा के कपिल बैंसला ने 10 मीटर एयर पिस्टल मेंस जूनियर फाइनल में 243.0 का स्कोर बनाते हुए शीर्ष स्थान हासिल कर भारत के लिए पहला गोल्ड जीता। उज्बेकिस्तान के इल्खोमबेक ओबिदजोनोव दूसरे पायदान पर रहे। कर्नाटक के जोनाथन गेविन एंथनी ने कांस्य पदक जीता।

### भारत का अब तक का प्रदर्शन :

- भारत ने पहले दिन दो स्वर्ण और तीन रजत पदकों के साथ समापन किया। कपिल बैंसला ने जूनियर पुरुष एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता, जबकि सीनियर और जूनियर दोनों पुरुष टीमों ने रजत पदक जीते।
- **जूनियर पुरुष स्पर्धा :** कपिल और जोनाथन ने विजय तोमर के साथ मिलकर कुल 1723 अंक हासिल करके टीम रजत पदक जीता। कोरिया ने 1734 अंक के साथ स्वर्ण और मेज़बान कज़ाकिस्तान ने कांस्य पदक जीता।
- **सीनियर पुरुष स्पर्धा :** अनमोल जैन ने आदित्य मालरा और सौरभ चौधरी के साथ मिलकर 1735 अंक हासिल करके टीम रजत पदक जीता।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR